तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 17 मई 2024

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

11 राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर निकाली गई जागरूकता...



11 कर्नाटक से वापस लाए 13 मजदूरों से कलेक्टर...



# किसान की बाड़ी के कुएं में गिरा तेंदुआ, वन अमले ने मशक्कत कर किया रेस्क्यू


हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

वन मंडल कांकेर के अंतर्गत सरोना परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सारवंडी में बीती रात यानी 16 मई रात को 2 बजे के आसपास सारवंडी में किसान की बाड़ी में स्थित कुएं में तेंदुआ गिर गया। ग्रामीणों की खबर पर वन विभाग की टीम पहुँची और लगभग 4 घंटे रेस्क्यू आपरेशन चलाकर तेंदुआ को सकुशल निकाला गया।

दुधावा के पास स्थित ग्राम सारवंडी निवासी किसान राकेश कोर्राम की बाड़ी में स्थित कुएं में गुरूवार 16 मई की रात को लगभग 2 बजे के आसपास तेंदुआ कुआं में गिर गया। किसान सुबह बाड़ी की ओर गया तो तेंदुआ की आवाज सुनाई दिया, कुआ में झांकने पर तेंदुआ पानी में निकलने के लिए उछल कूद मचा रहा था। किसान ने पास में रहने वाले ग्रामीणों को जानकारी दिया। तेंदुआ के कुआ में गिरने की खबर वन विभाग के साथ पूरे गाँव में हल्ला मच गया और उसे देखने के लिए सारवंडी के अलावा आसपास गांव के लोग भी पहुँचने लगे। वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुँची और तेंदुआ को देखने के लिए जुटी भीड़ को समझाईश देकर हटाया गया। वन विभाग की टीम ने बांस की चैली बनाया और कुआ में डाला। चैली को कुछ देर देखने के बाद तेंदुआ चैली में बैठ गया। चैली की रस्सी को पेड़ से बाँधकर रखा गया और उसके बाद बाँस की सीढ़ी कुआ में डाला गया। कुआं के आसपास डटी भीड़ को हटाया ⏭ शेष पेज 10 पर

## 4 घंटे तक रेस्क्यू आपरेशन चलाकर तेंदुआ को सकुशल निकाला





### पानी या मुर्गी के चक्कर में गिरा होगा तेंदुआ

वन परिक्षेत्र अधिकारी सरोना रहमान खान ने बताया रेस्क्यू अभियान के दौरान ग्रामीणों को तेंदुआ के स्वभाव और उसके प्राकृतिक व्यवहार के बारे में समझाइश भी दिया गया। तेंदुआ पानी या मुर्गी के चक्कर में किसान की बाड़ी में आया होगा, उसी समय कुआं में अचानक गिर गया होगा। हमारी टीम ने तेंदुआ को सकुशल निकाल लिया। कुछ साल पहले भी दुधावा बीट मे भिमाडीही में एक तेंदुआ पक्के कुएं में गिरा था, उसे भी वन अमले ने सकुशल बाहर निकाल लिया था

## खबर संक्षेप

### जहर खाकर युवक ने की आत्महत्या

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत सीएचसी में 15 मई को दोपहर सवा 1 बजें ईलाज के दौरान नया गोण्डाहूर निवासी 26 वर्षीय गन्नू कड़ियाम पिता मुकेश का मौत हो गया। नया गोण्डाहूर निवासी 32 वर्षीय दानू कड़ियाम पिता मुकेश ने पुलिस को बताया कि मृतक धान कुटाने के लिए गया था, वहाँ से वापस घर आने के बाद जहर खा लिया और तालाब की ओर चला गया था। मुंह से झाग निकालने पर ईलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### महिला ने घर में फांसी लगा की आत्महत्या

**कांकेर।** गोण्डाहूर थानांतर्गत पीव्ही 17 रविंद्र नगर निवासी 17 वर्षीय बिशाखा मंडल पति गोपाल मंडल ने 15 मई की शाम साढ़े 4 बजें घर के म्यार में गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतिका के बेटे ने पुलिस को बताया कि उनकी मॉ ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या किया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवती ने फांसी लगा की खुदकुशी, कारण अज्ञात

**कांकेर।** बड़गांव थानांतर्गत ग्राम मदले में 15 मई को सुबह साढ़े 9 बजें मंगहूर निवासी सनोतिन उईके पिता मंगलूराम ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मदले निवासी 48 वर्षीय सोतूराम ने पुलिस को बताया कि मृतिका अपने पुराने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। आत्महत्या के कारणो का अभी तक पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान, मर्ग कायम

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत ग्राम भैसाबेड़ा निवासी 71 वर्षीय शरादू दर्रो पिता सुंदरलाल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते 15 मई को सुबह पौने 8 बजें फांसी लगा लिया था, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। बुजुर्ग द्वारा फांसी लगाने के कारणो का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### अरुण बने किसान कल्याण संघ के अध्यक्ष

**जगदलपुर।** बस्तर किसान कल्याण संघ की नई कार्यकारिणी का गठन गुरुवार को किया गया। पूर्व की कमेटी के कार्यकाल के समाप्त होने पर आज किसान कल्याण संघ की बैठक बुलाई गई, जिसमें सर्वसम्मति से अरुण त्रिपाठी को अध्यक्ष, जोगेंद्र चंद्राकर एवं लखीधर बघेल को उपाध्यक्ष, जितेंद्र खत्री को सचिव, मनोज टांक सहसचिव और रमेश चावड़ा को कोषाध्यक्ष पद हेतु सर्वसम्मति से चुना गया।

लापरवाही : जिम्मेदार विभाग और दुकान संचालकों की लापरवाही से दवाओं की गुणवत्ता प्रभावित

# निर्धारित तापमान से अधिक में रखी जा रही दवाएं, मानकों की हो रही अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- जिले में किराए पर चल रही हैं मेडिकल दुकानें
- ड्रग विभाग का अमला दौरे के नाम पर कार्यालयों से गायब रहता है

दवाओं को निर्धारित तापमान से अधिक रखने के कारण उनके असक कारक क्षमता प्रभावित हो रही है। इस तरह की लापरवाही निजी दवा विक्रेताओं के साथ सरकारी गोदाम में भी बनी हुई है। दवाओं में स्पष्ट निर्देश होने के बाद भी इन सुरक्षा मानकों की अनदेखी हो रही है। ड्रग विभाग केवल लाइसेंस की जांच करता है, यह भी सही ढंग से नहीं करता है। जिले की कई दुकानों का लाइसेंस दुसरे के नाम पर है और दुकान दूसरे संचालित करते है। ड्रग विभाग का अमला दौरे के नाम पर कार्यालयों से गायब रहता है।

दवाओं को सुरक्षित नहीं रखने का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। दरअसल जिम्मेदार विभाग की अनदेखी के कारण जिस दवाईयों को लोग 400 एमजी समझ कर सेवन कर रहे है, वे दवाईयां दुकानों व गोदामों में लंबे समय तक रखे जाने के कारण उनके क्षमता आधी रह जा रही है। मुख्यालय के जिला अस्पताल के विरतण केन्द्रों में भी इनके उचित रख रखाव के इंतजाम नहीं है। जानकारों की मानें तो उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ हो रहा है। साथ ही इस तरह की रखी दवाईयों के उपयोग से लंबे समय तक उपयोग से साइडइफेक्ट होने की भी अधिक संभावना रहती है। कांकेर शहर का तापमान भी अब 40 के ऊपर जाता है और कई साल से तापमान 40 से 43 के बीच रहा है, जबकि दवाईयों के रैपर में बंद टैबलेट के लिए जहां अधिकतम औसत तापमान 30 डिग्री सेल्सियस ⏭ शेष पेज 10 पर







### कॉमर्शियल फ्रीजर का उपयोग नहीं

जिला अस्पताल सहित निजी दवाई दुकानों में कई जीवन दायिनी इंजेक्शनों को रखने के लिए घरेलू फ्रिज का उपयोग किया जा रहा है, जबकि इसके लिए कॉमर्शियल फ्रीजर का उपयोग किया जाना चाहिए। क्योकि घरेलू फ्रीज के अलग-अलग खांचों में अलग-अलग तापमान रहता है और दवाईयों को हिसाब से बहुत कम तापमान तक पहुंचाता है, जो दवाईयों के लिए मानक तापमान नहीं होता है, जबकि कॉमर्शियल फ्रीजर का तापमान को एक जैसा सेट किया जा सकता है, जिससे दवाईयों के लिए जरूरी तापमान उपलब्ध कराया जा सकता है।

### अधिकारी नहीं देते जवाब

जिले में ड्रग कंट्रोलर विभाग से कई अधिकारी तैनात है, परंतु उनके द्वारा क्या कार्य किया जा रहा है, इसकी जानकारी किसी के पास नहीं है। विभाग का अमला कितनी दुकानों की क्या जाँच किया, इसका भी खुलासा आज तक नहीं किया है। इस विभाग के अधिकारी फोन भी रिसीव नहीं करते है। इनके बारे में यहीं चर्चा है कि इनकी वार्षिक सेटिंग है और विभाग का अमला चैन की नींद सो रहा है। ग्रामीण ईलाके में दवा दुकान किराए पर चल रही और विभाग सोया हुआ है।

# दो दुकानदारों में जमीन स्टांप को लेकर मारपीट काउंटर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांकेर थानांतर्गत दो दुकानदारो के बीच स्टाम्प पेपर में परिवर्तन कराने की बात को लेकर विवाद हुआ और विवाद मारपीट में तब्दील हो गया। दोनो दुकानदार थाना पहुँचकर एक दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनो की शिकायत पर एक दूसरे के खिलाफ काउंटर केस दर्ज किया है।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे बरदेभाटा निवासी 56 वर्षीय जुगल किशोर गुप्ता पिता स्व. शंकर लाल गुप्ता ने पुलिस को बताया कि 15 मई को दोपहर करीबन 3 बजे मै अपने दुकान में था। उसी समय आरोपी राजकिशोर गुप्ता, शानु गुप्ता एंव चंकी गुप्ता तीनो दुकान में आए और बोलने लगे कि जमीन का स्टांप ऐसा नही बनता, जैसा तुमने बनाया और ऐसा बोलते हुए स्टांप को फाड़ दिए। स्टांप को फाड़ने के बाद तीनों एक राय होकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ थप्पड एवं वाईपर से मारपीट करने लगे। मारपीट करने से बांए हाथ, कंधा व कमर मे चोट आया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।




दूसरे पक्ष से शिकायत करने पहुंचे बरदेभाटा निवासी 31 वर्षीय अक्षय गुप्ता पिता राजकिशोर गुप्ता ने पुलिस को बताया कि गांधी चौक कांकेर जिला जेल के सामने किराना दुकान चलाता हूं और 15 मई को दोपहर करीबन 3 बजे अपने किराना दुकान में था। उसी समय मेरे दुकान के बगल में गुप्ता प्रिटंर्स कांकेर के जुगल किशोर गुप्ता मेरे साथ गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। मैने कहा कि गाली क्यो दे रहे हो पूछने पर आरोपी ने जमीन के स्टाम्प पेपर मे परिवर्तन क्यो करवा रहे हो, कहकर हाथ मुक्का से मारपीट किया। मारपीट करने से मेरे दाहिने हाथ में चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# 14 लीटर शराब जब्त दो कोचिए पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

भानुप्रतापपुर पुलिस ने भीरागांव में छापामार कार्यवाही करते हुए दो शराब कोचिए को अवैध कच्ची शराब के साथ पकड़ा और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

भानुप्रतापपुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला कि आरोपी मालापारा भीरागांव निवासी 35 वर्षीय नागेश मंडावी पिता सहदेव अपने घर के सामने अवैध रूप से महुआ शराब को बेचने के लिए रखा हुआ है और ग्राहक की तालाश में है। पुलिस ने जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत छापामार कार्यवाही किया और ईलाके की घेराबंदी कर 15 मई की शाम करीबन 5 बजें आरोपी नागेश मंडावी को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब कीमत 980 रूपएं को जप्त किया। दूसरी कार्यवाही में 15 मई को करीबन सवा 5 बजें आरोपी मालापारा भीरागांव निवासी 43 वर्षीय सरोज मंडावी पति फागेन मंडावी के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब को जप्त कर दोनो आरोपियों को खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना मे लिया है।



# 4 पहिया वाहन को मारी ठोकर, चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांकेर थानांतर्गत कृषि कॉलेज सिंगारभाट के पास अज्ञात वाहन चालक ने अन्य चार पहिया वाहन को सामने से टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। आरोपी चालक घटना के बाद से फरार हो गया।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे सिंगारभाट निवासी 41 वर्षीय हरिश दिनकर पिता विजय शंकर दिनकर ने पुलिस को बताया कि ड्राईवरी का काम करता हूं और 7 मार्च की रात 1 बजे मुरवेंड ढाबा से खाना खाकर वापस अपने वाहन क्रमांक सीजी 19 बी एस 1925 से सिंगारभाट आ रहा था। कृषि कॉलेज सिंगारभाट के पास बाईपास मेन रोड में बहुत ज्यादा आंधी तूफान की वजह से कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। उसी समय विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन के चालक के द्वारा अपने वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सामने से मेरे वाहन को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट के बाद आरोपी चालक वहा से फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 279 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।




# हज यात्रियों का हुआ टीकाकरण किया सावधानी, दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

मेडिकल कॉलेज के मातृ एवं शिशु रोग विभाग अलबेलापारा में 16 मई को आयोजित शिविर में हज में जाने वालों का टीकाकरण चिकित्सकों की टीम ने किया और स्वास्थ्य को लेकर बरतने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई।

आयोजित शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी अध्यक्ष मो. असलम खान, जिला हज प्रभारी वली मोहम्मद, वक्फ बोर्ड के जावेद अख्तर, अब्दुल रहीम, इकबाल अंसारी, हज कमेटी के राज़िक ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के तत्वाधान में राज्य से द्वितीय चरण में मुंबई एवं नागपुर इंबार्केशन पॉइंट से जाने वाले आजमीने हज का टीकाकरण कराया गया, जिसमें हज यात्रियों को स्वास्थ्य संबंधी सावधानी से भी अवगत कराया गया। शिविर में राज्य हज कमेटी के माध्यम से जिला बस्तर, कांकेर, कोडागांव, नारायणपुर और से जाने वाले 69 एवं प्राइवेट टूर से जाने वाले 15 हाजियों का टीकाकरण करवाया गया। आयोजित शिविर में मेडिकल की टीम डां. ओपी शंखवार, चिकित्सक सुनील सोनी, डॉक्टर मनीष जैन, रोहित वर्मा, भूपेन्द्र साहू, एकता भरद्वाज, नंदनी साहु, जे. मगेंद्र का टीकाकरण में सहयोग रहा वहीं आयोजित शिविर को सफल बनाने में मोहम्मद इमरान एंव मोहम्मद जावेद शेखानी का विशेष सहयोग रहा।




एक कुआं से पूरे बस्ती की होती थी निस्तारी, नहीं होती थी दिक्कत

# शहर के बाद अब ग्रामीण अंचलों में भी कुएं विलुप्ति की कगार पर

**कांकेर।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कुआं ग्रामीण परिवेश के संस्कृति का मुख्य धरोहर था, अब देखते देखते कुआं ग्रामीण परिवेश से भी विलुप्त हो गए हैं। शहर सहित अंचल में सिंचाई से लेकर पेयजल तक आम नागरिकों की निर्भरता जिस कुएं पर रहती थी, उसका स्थान हैंडपंप व गहरे बोरवेल ने ले लिया। गांव में जहां एक कुआं जरूर होता था, यही बदलते परिवेश ने घरों-घर में हैंडपंप व बोरवेल पंप स्थापित कर दिए गए।

यहां बताना लाजिमी होगा एक पूजा-अर्चना व अन्य धार्मिक कार्य या अनुष्ठान ही कुएं का पानी दुर्लभ हो गया है। बदलते परिवेश न लोगों व जल संरक्षण के लिए काफी महत्वपूर्ण माने जाने वाले कुए के लुप्त होने से पेयजल की समस्या ग्रामीण क्षेत्र सहित शहर में देखने को मिल रही है। शहरी परिवेश का अनुसरण करती ग्रामीण ग्रामवासी धीर-धीरे अपनी मूल संस्कृति को भूल रहे हैं। वह दिन दूर नहीं जब आने वाले पीढ़ी को कुएं के बारे में कुछ ज्ञात नहीं होगा। ग्रामीण ईलाकों में भी यह स्थिति है कि धीरे धीरे कुएं का अस्तित्व समाप्त होते दिखाई दे रहे है। ग्रामीण भी सुविधाभोगी बनने के चक्कर मे कुएं की कोई जरूरत नहीं समझ रहे है।



- पूजा-अर्चना व अन्य धार्मिक कार्य या अनुष्ठानों के तलाश करनी पड़ती है

### कुएं विलुप्त पेयजल व निस्तारी की समस्या बढ़ी

यहां बताना लाजिमी होगा कि पूरे गांव का प्यास बुझाने वाला एक कुआं व पूरे गांव का निस्तारी के लिए एक ही साधन व सहारा कुआ होता था, जिसमें सर्द, गर्मी व बरसात के दिनों में हमेशा पानी भरा रहता था। ग्रामीण जन कुआ का उपयोग पीने के लिए व निस्तारी के लिए उपयोग किया जाता था, लेकिन आज ऐसा स्थिति आ गया है कि कुएं में एक बूंद पानी नहीं है और कुआ सुखा पड़ा हुआ है और साथ ही हर गांव में अब कुएं दिखाई नहीं देते।

हरिभूमि पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

आवश्यक सूचना

हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना

के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय कांकेर में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।

उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती ( ग्राहक प्रति), साथ में लावें।

उपहार प्राप्त करनें का समय शाम 4 से 6 बजे तक

स्थान : हरिभूमि जिला कार्यालय माहुरबंद पारा, ऊपर नीचे रोड, कांकेर (छ.ग.) मो. 9098324969

# बच्चों ने तारामंडल से जाना ब्रम्हांड के अनोखे रहस्य, मिली अंतरिक्ष विज्ञान की जानकारी

## टेलीस्कोप से किया नक्षत्र एवं आकाशगंगाओं का दर्शन, ग्रीष्मकालीन शिविर में नाटक सहित अन्य कलाओं का प्रशिक्षण जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पीएम श्री स्कूलों के आवासीय शिविर में बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान के संबंध में जानकारी प्रदान करने के लिये विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत बच्चों को आसमान में दिखने वाले विभिन्न नक्षत्रों के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए टेलीस्कोप के माध्यम से बच्चों को आकाश में स्थित अरसा मेजर, सप्तऋषि, ओरायन, एंड्रोमेडा, हरक्यूलिस, लियो, एक्वारिस, सेंटरस मेजर, क्रक्स, केसियोपिया, कैरिना आदि को दिखाते हुए उनके संबंध में जानकारी दी गयी। इसके साथ ही चंद्रमा एवं सौरमण्डल के उपग्रहों को दिखाते हुए उनकी विस्तृत जनकारी दी गयी।इसके अलावा गुरुवार को नगरपालिका ऑडिटोरियम में तारामण्डल डोम की स्थापना की गयी। इस डोम में ज्ञानवर्धक एवं आकर्षक



तरीके से थ्रीडी प्रोजेक्शन के माध्यम से ब्रम्हांड एवं अंतरिक्ष के अनोखे रहस्यों एवं विशेषताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस तारामण्डल डोम में थ्रीडी प्रोजेक्शन तकनीक से विभिन्न विडियों के द्वारा अंतरिक्ष विज्ञान एवं उनके द्वारा प्राप्त उपलब्धियों की भी जानकारी दी गयी। उल्लेखनीय है कि इस ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों को नाटक कला, क्लासिकल नृत्य, चित्रकला, भाषण, वाद–विवाद, ड्राइंग, पेंटिंग, संगीत सहित विशेष कौशल के रूप में फोटोग्राफी–वीडियोग्राफी, ड्रोन बनाना, नाट्य–थिएटर, क्लासिकल डांस, वेस्टर्न डांस सिखाया जा रहा है। इसके साथ ही शारीरिक कौशल के रूप में बैडमिंटन, स्वीमिंग, टेबल टेनिस एवं मानसिक खेल शतरंज का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शिविर 20 मई तक संचालित किया जायेगा।

### अभिलेख का प्रारंभिक प्रकाशन 20 मई से

**धमतरी।** स्वामित्व योजना के तहत जिले के 501 राजस्व ग्रामों में स्थित ग्रामीण आबादी भूमि का ड्रोन से सर्वेक्षण कर अधिकार अभिलेख तैयार करने की प्रक्रिया जिले में जारी है। कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा जिले के भखारा, धमतरी, कुरूद, मगरलोड, नगरी के क्रमशः 11, 17, 11, 27, 08 कुल 39 ग्रामों के 74 शीटों का मसौदा मानचित्र आवश्यक सुधार एवं आबादी भूमि के सभी भूखण्डों को क्रमांकित कर संपत्ति धारकों का विवरण निर्धारित प्ररूप में प्रविष्ट कर उपलब्ध कराया गया है। प्रारूप अधिकार अभिलेख का प्रारंभिक प्रकाशन 'परिशिष्ट-7' में किया जाना है।

### कलार समाज तहसील मंडलेश्वर का चुनाव 30 को

**धमतरी।** कलार समाज धमतरी तहसील मंडल के निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी तोमेश्वर सिन्हा ने बताया कि निर्वाचन के लिए मंडलेश्वर 1 पद, सचिव 1 पद, कोषाध्यक्ष के 1 पद का चुनाव होना है। नामांकन फार्म 18 मई की सुबह 11 बजे से जमा किया जा सकता है। नामांकन एवं मतदान कलार समाज छात्रावास भवन धमतरी में होगा। मतदान 30 मई की सुबह 9.30 बजे से 4 बजे तक होगा।

### राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के दोनों ओर बेजाकब्जा के कारण यातायात हो रहा प्रभावित

# नियमों का पालन करवाने व अतिक्रमण हटाने की चेतावनी देने प्रशासन-पुलिस का फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

- शनिवार शाम असर देखने फिर सड़क पर उतरेंगे अफसर

नगरीय क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में दोनों ओर दुकानदारों व नगरवासियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को लेकर अब प्रशासन व पुलिस के अधिकारी एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। बुधवार रात केशकाल एसडीएम अंकित चौहान, एसडीओपी भूपत सिंह धनेश्री एवं थाना प्रभारी सौरभ उपाध्याय ने टीम के साथ फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान उन्होंने एनएच 30 के किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों, अतिक्रमण कर रहे दुकानदारों, बस के एजेंट्स एवं समस्त नगरवासियों को नियमों का पालन करने एवं जल्द से जल्द अतिक्रमण हटवाने के लिए चेतावनी दी। चेतावनी का असर देखने शनिवार को शाम अफसर फिर सड़क पर उतरेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीएम अंकित चौहान ने बताया



कि केशकाल नगरीय क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा एनएच 30 के किनारे अतिक्रमण करने की शिकायत प्राप्त हो रही थी। इसके अलावा सड़क के किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रहा था। यात्री बसों के चालक बस स्टैंड में प्रवेश न करते हुए सड़क के किनारे ही सवारी को चढ़ाने व उतारने का काम कर रहे थे। इन समस्त शिकायतों के मद्देनजर आज पुलिस व प्रशासन की टीम ने नगर में पैदल फ्लैग मार्च किया। इस दौरान हमने नगरवासियों, दुकानदारों एवं बस के एजेंटों को शनिवार तक का अल्टीमेटम दिया है। शनिवार की शाम पुनः फ्लैग मार्च निकाला जाएगा। यदि दुकानदारों व नगरवासियों के द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो उनके विरुद्ध जब्ती एवं जुर्माने का साथ एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी। जिसकी पूर्ण जवाबदेही स्वयं दुकान एवं मकान मालिक की होगी।

#### पहले की चेतावनी रही थी बेअसर

आपको बता दें कि इससे पहले भी केशकाल में प्रशासन के द्वारा समय समय पर इस प्रकार की चेतावनी दी जा चुकी है। लेकिन नगरवासियों पर प्रशासन के अल्टीमेटम का कोई असर देखने को नहीं मिला था। वहीं कुछ दिनों के बाद प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भी इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जाता है। इसी का परिणाम है कि आज भी केशकाल नगर के अधिकांश दुकानदारों द्वारा एनएच की ओर अतिक्रमण किया जा चुका है। अब देखना होगा कि वर्तमान एसडीएम अंकित चौहान व एसडीओपी भूपत सिंह शनिवार को किस प्रकार से कार्रवाई करते हैं।

## जवानों ने मेरी लाइफ मिशन में स्वछता अभियान चलाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

आईटीबीपी ''द'' समवाय हडेली 41 वीं वाहिनी के जवानों द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र में मेरी लाइफ मिशन के अन्तर्गत माध्यमिक स्कूल ग्राम हडेली एवं आयुष्मान वेलनेस सेन्टर में स्वच्छता अभियान सेनानी 41वीं वाहिनी के मार्गदर्शन में चलाया गया। स्वच्छता अभियान का उद्देश्य सिर्फ साफ–सफाई से नहीं बल्की गंदगी से होने वाली बीमारियों को दूर करना या जड़ से मिटाना भी है। यह भारत सरकार द्वारा देश की स्वच्छता के प्रतीक के रूप में शुरू किया गया है। जिसमें हडेली कैम्प के जवानों एवं ग्रामवासियों द्वारा साथ मिलकर स्वच्छता अभियान को सफलता पूर्वक संचालित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में कैम्प हडेली के सीओबी कमाण्डर द्वारा साफ किए गए इलाके को यथावत रखने तथा इस अभियान के तहत आपने आसपास के क्षेत्रों को साफसुथरा रखने के लिए ग्रामवासियों से आग्रह किया गया।

## आत्मानंद विद्यालय में लाटरी प्रक्रिया से प्रवेश का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में आज सत्र 24- 25 के लिए विभिन्न कक्षाओं के रिक्त पदों में भर्ती के लिए लॉटरी के माध्यम से प्रवेश की प्रक्रिया का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार डडसेना ने अभिभावकों को प्रवेश संबंधी विभिन्न नियमों व लाटरी की प्रक्रिया की जानकारी दी। उसके पश्चात जिला नोडल वेणुगोपाल राव ने सभी अभिभावकों को संबोधित किया । सर्वप्रथम कक्षा एक के 15 रिक्त पद के लिए लॉटरी निकाली गई। उसके पश्चात कक्षा एलकेजी के रिक्त 30 पदों के लिए लॉटरी के माध्यम से चयन प्रक्रिया पूरी की गई । कार्यक्रम का संचालन प्रधान अध्यापिका गरिमा मसीह ने किया। इस अवसर पर अभिभावक व विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

*खपरा भट्टी कपडा गोदाम में दो चोरी की घटना को दिया था घटना*

## चोरी का दोपहिया वाहन जब्त, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वाहन चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपी को कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफल रही। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई दोपहिया वाहन भी जब्त किया गया है। एएसपी महेश्वर नाग ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वाहन चोरी के मामले में दो चोरों को पकड़ने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। आरोपी सांईनाथ कमर्शियल खपरा भट्ठी कपड़ा गोदाम से चोरी की घटना को अंजाम दिया था। मामले में आरोपी बुधराम उर्फ सत्तू बघे 26 साल निवासी रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड व डिगेश्वर उर्फ सोनू देवदास 18 साल निवासी अब्दुल कलाम वार्ड के कब्जे से चोरी की गई सुजुकी एक्सेस वाहन मामले कि रिपोर्ट प्रार्थी सौरभ जैन ने 14 मई को दर्ज कराते हुए बताया कि रात लगभग 11 बजे सांईनाथ कमर्शियल खपरा भट्ठी कपड़ा गोदाम की रखवाली करने वाला उनके स्टाफ जितेन्द्र सिंह सुजुकी एक्सेस वाहन क्रमांक सीजी 17 केएम 1051 को रोज की तरह गोदाम के बाहर



हैण्डल लॉक कर खड़ा किया था। सुबह उठकर देखा तो वाहन वहां पर नहीं था। जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गए थे। मामले में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली सुरेश जांगड़े के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान पूछताछ के बाद दो संदेही बुधराम भतरा व डिगेश्वर उर्फ सोनू देवदास का पता तलाश किया गया। जिन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया कि दोनों शराब पीने के आदि है पैसा नहीं होने के कारण चोरी की घटना को अंजाम देते हुए वाहन का हैण्डल लॉक तोड़कर चोरी कर लिए थे। चोरी किए गए वाहन को सोनू के घर में छुपाकर रखना दोनों ने स्वीकार किया जिसे बरामद कर जब्त किया गया है।

# पीडिया मुठभेड़ की जांच उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में हो : नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

आठ सदस्यीय जांच दल के संयोजक व पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम ने बीजापुर में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बीजापुर जिले के थाना गंगालूर अन्तर्गत ग्राम पंचायत पीड़िया में बीते 10 मई 2024 को बीजापुर पुलिस ने मुठभेड़ में 12 नक्सलियों को मार गिराने का दावा किया है। वही इसके उलट ग्राम पीड़िया के ग्रामीणों ने पुलिस के दावों को गलत बताते हुए इस मुठभेड़ को फर्जी करार देते हुए कहा कि मारे गये लोग आम आदिवासी है जो खेती किसानी करके अपना जीवन यापन करते है। पीडिया गांव की इस घटना को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने वस्तुस्थिति को जानने के लिए 13 मई को आठ सदस्यीय जांच दल का गठन किया यह जांच दल 16 मई को पीडिया गांव की ओर रवाना हुई। इस बीच जांच दल को पुलिस और सुरक्षाबल के जवानों ने जगह जगह बेरिकेड लगाकर गांव की ओर जाने से रोकने का प्रयास भी किया। लेकिन जांच



दल पीडिया गांव की ओर गई और घटना में मारे गये लोगों के परिजनों, घटना के चश्मदीदों और ग्रामीणों से मुलाकात कर घटना की विस्तृत जानकारी ली है। घटना की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपी जाएगी। कांग्रेस जांच दल के संयोजक संतराम नेताम ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री आदिवासी, लेकिन प्रदेश के आदिवासी ही असुरक्षित है। ऐसी घटनाओं से आने वाले समय में आदिवासियों के अस्तित्व, उनके जीवन शैली और उनकी संस्कृति पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। यह विडंबना ही है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं ही आदिवासी वर्ग से आते हैं बावजूद इसके आज आदिवासी सुरक्षित नहीं है ।और लगातार आदिवासी मारे जा रहे है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद भाजपा सरकार आदिवासियों को सुरक्षा देने में पूरी तरह विफल है। लगातार आदिवासियों की मौतें हो रही है। आदिवासियों के साथ ऐसे घटनायें क्यों घट रही इसकी जांच होनी ही चाहिए ताकि सच्चाई सामने आये। इसलिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी राज्य सरकार से मांग करती है कि इस पूरे घटना की जांच उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय न्यायिक जांच हो ताकि पीड़तों को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की लगातार हो रही मौतों की जिम्मेदारी प्रदेश सरकार और भाजपा ले। आदिवासियों को न्याय मिलने तक कांग्रेस पार्टी इस लड़ाई को लगातार लड़ते रहेगी। पीडिया घटना की जांच कमेटी में विधायक इंद्रशाह मंडावी, विक्रम मंडावी, जनक राम धुरव, सावित्री मंडावी, रजनू नेताम अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी नारायणपुर, शंकर कुडियम अध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर शामिल थे।

## अवैध रेत परिवहन में लगे 8 हाइवा 2 ट्रक और 1 जेसीबी जब्त

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में अवैध रेत खनन, परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में बीते दिनों राजस्व तथा खनिज अमला द्वारा धमतरी विकासखंड के ग्राम दोनर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बिना वैध दस्तावेज के रेत परिवहन करते 8 हाइवा, 2 ट्रक और 1 जेसीबी जब्त किया गया। वाहनों को कंपोजिट भवन के पास रखा गया है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि उपरोक्त सभी प्रकरणों में छग गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई की जावेगी। पूर्व में भी जिले के खनिज ठेकेदारों, खनिज परिवहनकर्ताओं को भी निर्देशित किया गया है कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज उत्खनन परिवहन भण्डारण करना दण्डनीय अपराध है। अवैध उत्खनन परिवहन कर्ताओं के विरूद्ध कार्रवाई की जावेगी।

### कूरियर कम्पनी का असिस्टेंट मैनेजर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

# 10.41 लाख का गबन कर जुए में गंवा दिया 10 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कोतवाली पुलिस ने डिलवरी कुरियर कंपनी का लाखों रुपए गबन कर फरार असिस्टेंट मैनेजर को गिरफ्तार किया है। आरोपी लाखों रुपए गबन कर ओडिशा फरार हो गया था। गबन के लाखों रूपए जुए व सट्टे में गवां दिया। उसके कब्जे से नकद रकम में से 40 हजार रूपए बरामद किया गया है। एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि नकदी रकम लेकर फरार आरोपी को पकड़ने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। घटना को कंपनी के ही असिस्टेंट मैनेजर ने अंजाम दिया था। आरोपी ने कंपनी के डिलवरी बॉय द्वारा कस्टमरों से सामान देकर वसूले गए 10 लाख 41 हजार 58



रुपए गबन किया था। मामले में आरोपी पप्पू लहरे पिता बबलू लहरे 28 वर्ष निवासी कुसमा थाना व जिला कोण्डागांव हाल निवास हल्बाकचोरा जगदलपुर को गिरफ्तार किया गया है। मामले में एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी दिलीप कोसले के पर्यवेक्षण में एसआई प्रमोद सिंह ठाकुर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। मामले में प्रार्थी डिलवरी कुरियर कंपनी जगदलपुर के सेंट्रल मैनेजर हिमांशु गौड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर (एटीएल) द्वारा 17 अप्रेल से 19 अप्रेल 2024 तक कंपनी के विभिन्न डिलवरी बॉय के द्वारा कस्टमरो को सामान देकर वसूली गई राशि को कंपनी में जमा नहीं किया और उक्त राशि को स्वंय उपयोग कर गबन किया गया। मामले की जांच के आधार पर टीम ओडिशा रवाना किया गया जहां से आरोपी पप्पू लहरे का पता तलाश कर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

#### *कस्टमरों से मिले रुपए लेकर हुआ था फरार*

*गिरफ्तार आरोपी ने बताया कि उसने कंपनी के विभिन्न डिलवरी बॉय जिनके द्वारा कस्टमरो को सामान देकर नकदी रकम मेरे पास जमा करते है। इस दौरान उसने कंपनी के डिलवरी बॉयों के द्वारा वसुली गई राशि 7 लाख 63 हजार 863 रुपए एवं स्वयं द्वारा वसूले गए 2 लाख 77 हजार 195 रूपए कुल 10 लाख 41 हजार 058 रुपए मैने कंपनी में जमा नहीं किया। उस रकम को लेकर वह ओडिशा भाग गया था। जिसमें से 10 लाख 1058 रूपए जुआ-सट्टा में हार गया तथा बचे हुए 40 हजार रुपए रखा हूं। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।*

#### *कार्रवाई में इनकी रही भूमिका*

*कार्रवाई में सायबर सेल के निरीक्षक शिवानंद सिंह, एसआई अमित सिदार, आरक्षक दीपक सिंह के अलावा कोतवाली थाना के एसआई प्रमोद सिंह ठाकुर, लोकेश्वर नाग, प्रधान आरक्षक अनिल कन्नौजे, उमेश चंदेल व आरक्षक भूपेंद्र नेताम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।*

## सांवरा में मना राष्ट्रीय डेंगू दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकावंड के उप स्वास्थ्य केन्द्र सांवरा में गुरूवार को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया, जिसमें उप स्वास्थय केन्द्र की ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका के द्वारा जनजागरण लाने का पूरा प्रयास रैली के माध्यम से किया गया। जिसमें ग्रामीण जन को रात के सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया एवं घरों के आसपास साफ सफाई रखने हेतु बताया गया एवं शाम के समय नीम पत्ती का धुआं




करने के लिए बताया गया। कुममता मौर्य द्वारा बताया कि घर के आस पास गढ्ढों में जमा पानी में मिट्टी डालकर पाट्ने हेतु बताया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों के द्वारा भरपूर सहयोग प्रदान किया गया।

पेज 9 के शेष

### किसान की बाड़ी के कुएं...

गया। तेंदुआ को जब लगा कि माहौल शांत है तो सीढ़ी से चढ़कर तेंदुआ ऊपर आया और जंगल की ओर भाग गया।

### निर्धारित तापमान से...

होना चाहिए, वहीं मलहम आदि के लिए 25 डिग्री, सिरप के लिए 25 डिग्री और इन्जेक्सन के लिए 2 से 8 डिग्री तथा कई जीवन रक्षक दवाईयों के लिए माईनस डिग्री होना निर्देशित रहता है। दवाईयों के तापमान उल्लेखित होने के बाद भी दुकानदार व सरकारी संस्थान के द्वारा तापमान का ध्यान नहीं रखते है। कूलर से इनमें नमी आ जाती है, परंतु तापमान कंट्रोल नहीं होता है। जिलेभर के दो चार दुकानों को छोड़कर किसी भी दुकान में तापमान को कंट्रोल करने की कोई व्यवस्था नहीं है। शहर के प्रमुख दो से चार दुकानदार ही इस विषय का ध्यान रखते है, शेष भगवान भरोसे है।

## खबर संक्षेप

### प्रवेश परीक्षा 19 जून को

**दंतेवाड़ा।** जिले में संचालित शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में पूर्व में आवेदन फार्म वितरण करने हेतु प्रारंभिक तिथि 14 फरवरी से प्रारंभ होकर आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18 जून तक निर्धारित की गई है। प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 19 जून को प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस क्रम में आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रिक्त सीट के विवरण अनुसार कक्षा छठवीं में 35, नवमी 8, ग्यारहवीं में 18 सीट निर्धारित है।

### अनुकम्पा नियुक्ति के लिए विशेष शिविर का आयोजन

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय कलेक्टर द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार जिला स्तर पर अनुकम्पा नियुक्ति हेतु रिक्त पदों के विरूद्ध तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर अनुकम्पा नियुक्ति हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में लंबित प्रकरणों का निराकरण आयुक्त बस्तर संभाग एवं कलेक्टर दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा के निर्देशानुसार जिला स्तर में गठित समिति के नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय दन्तेवाड़ा में तृतीय तल डंकनी सभा कक्ष में 22 मई को 12 बजे विशेष शिविर का आयोजन कर प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

## निधन

### मुत्यालम्मा राव



**जगदलपुर।** अंबेडकर वार्ड निवासी मुत्यालम्मा राव (75) का मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान गुरूवार को निधन हो गया। वे आंध्र समाज के सदस्य व कांग्रेस नेता वेंकट राव की माता थी। अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में शाम 5 बजे किया गया। जिसमें परिजन, वार्डवासी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

### अधिकारी-कर्मचारी, नर्सिंग छात्राओं, मितानिनों-आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने लिया हिस्सा

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर







राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर गुरुवार को कलेक्टर विजय दयाराम के. निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से जगदलपुर शहर के जवाहर नगर वार्ड में जनजागरूकता रैली निकाली गई और डेंगू मलेरिया से बचाव एवं उपचार के प्रति सतर्कता बरतने की अपील नागरिकों से की गई। इस जनजागरूकता रैली में जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों सहित नर्सिंग छात्राओं और मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस मौके पर कला जत्था दल द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर डेंगू मलेरिया से बचाव के उपाय एवं उपचार सम्बन्धी प्रेरक सन्देश दिये गये। साथ ही मितानिनों द्वारा नाटक प्रस्तुत कर डेंगू मलेरिया से बचाव सम्बन्धी सन्देश दिया गया। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरके चतुर्वेदी एवं एसडीएम भरत कौशिक द्वारा उपस्थित सभी लोगों को डेंगू मलेरिया से बचाव हेतु अपने घर के आस-पास साफ-सफाई रखने, घर में कूलर, पुराने टायर, गमले इत्यादि में पानी जमा नहीं होने देने, मच्छरों के पनपने वाले स्त्रोतों को नष्ट करने के साथ ही सोने के दौरान मच्छरदानी का अनिवार्य रूप से उपयोग करने का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर नागरिकों को डेंगू मलेरिया से बचाव सम्बन्धी पेम्पलेट-ब्रोसर वितरित किये गये।

डेंगू मलेरिया से प्रभावित होने की स्थिति में तत्काल निकटतम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला चिकित्सालय या मेडिकल कालेज अस्पताल में डेंगू मलेरिया की जांच के साथ ही उपचार करवा सकते हैं। डेंगू रोगी के उपचार एवं प्रबंधन की दिशा में डेंगू बुखार हेतु कोई दवा विशेष रूप में प्रभावी नहीं है। रोगी को लक्षण अनुसार उपचार दिया जावे। रोगी को बेड रेस्ट की सलाह दिया जावे। बुखार कम करने हेतु एंटीपायरेटिक जैसे कि पैरासिटामोल का उपयोग किया जावे। दर्द निवारक दवाइयों के उपयोग हेतु चिकित्सक की सलाह अनिवार्यतः ली जावे। रोगी को पर्याप्त तरल पदार्थ का सेवन करने हेतु सलाह दी जावे।

डेंगू रोग के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सावधानी बरतना आवश्यक है। यह मच्छर साफ पानी जैसे कि गमला, कूलर, टंकी, फ्रीज-ट्रे, अनुपयोगी बर्तन, नारियल खोल, पशु-पक्षी के पानी पीने का बर्तन, अनुपयोगी वाहन आदि में जमा पानी में पनपते हैं अतएव पानी जमा होने न देवें। पानी संग्रहण बर्तनों को सप्ताह में एक बार अच्छी तरह साफ करें एवं पानी संग्रहण पश्चात बर्तनों को ढंक कर रखें। शरीर को पूरी तरह ढंकने वाले पोशाक पहनें और सोते समय मच्छरदानी का उपयोग अवश्य करें। घरों के आस-पास पानी जमा होने वाले वस्तुओं जैसे नारियल के खोल, पुराने टायर, डिस्पोजेबल बर्तन, टूटे-फूटे बर्तन आदि को नष्ट किया जाए। समुदाय की सक्रिय सहभागिता से ही डेंगू के संक्रमण को रोकथाम किया जा सकता है।

### बचाव ही है उपचार

डेंगू एवं चिकनगुनिया वेक्टर जनित रोग है। संक्रमित मादा एडिस मच्छर के काटने से स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में रोग संक्रमण होता है। मादा एडिस मच्छर डेंगू एवं चिकनगुनिया वायरस का वाहक है, जो कि घर में तथा घर के आस-पास जमा हुए साफ पानी में पनपता है। यह मच्छर दिन में काटती है। संक्रमित एडिस मच्छर के अंडे भी संक्रमित होते हैं और पानी के संपर्क में आने पर यह अंडा विकसित होकर संक्रमित मच्छर बन सकते हैं।

### डेंगू रोग के मुख्य लक्षण

ठंड लगने के साथ अचानक तेज बुखार आना, सिर और मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द होना, आंखों के पिछले भाग में दर्द होना, जी-मितलाना एवं उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक, मुंह तथा मसूड़ों से खून आना तथा त्वचा पर चकते उभरना है।

# कर्नाटक से वापस लाए 13 मजदूरों से कलेक्टर ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- शासन की योजनाओं और रोजगार के अवसरों का लाभ लें : कलेक्टर
- मजदूरों ने वापस लाने के लिए प्रशासन का जताया आभार



कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि राज्य शासन द्वारा जनकल्याण की, कई महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन किया जा रहा और पर्याप्त संख्या में रोजगार के अवसर दिया जा रहा है, इसका लाभ लें। यदि रोजगार की तलाश में पलायन करके अन्य राज्य जाने की स्थिति में भी ग्राम पंचायत में स्थित पलायन पंजी में जानकारी दिया जाना चाहिए। उक्त बातें कलेक्टर ने बुधवार को कर्नाटक राज्य से प्रशासन की मदद से वापस लाए गए कोलेंग क्षेत्र के 13 मजदूरों से मुलाकात के दौरान कही।

वापस लाए गए मजदूरों ने बताया कि अधिक मजदूरी की लालसा में सुकमा होते कर्नाटक राज्य के चित्रदुर्गा पहुंचे थे, जहां पर 5 लोग टेंट के कार्य और 8 लोग सुपारी के बगीचे में काम किया करते थे। लेकिन उन्हें तीन-चार महिने का मेहनताना नहीं दिया गया था और अपने घर वापस आने के लिए रोका जा रहा था। मजदूरों का जिला प्रशासन बस्तर से संपर्क होने पर प्रशासन ने कर्नाटक राज्य के संबंधित जिला के प्रशासन और पुलिस विभाग से समन्वय कर श्रम विभाग के माध्यम से वापस लाया गया। इसके अलावा मजदूरों को कर्नाटक राज्य की शासकीय दर 14 हजार 100 रुपए (मासिक दर) नियोजक से मजदूरों को भुगतान करवाया गया। 13 श्रमिकों को 5 लाख 93 हजार 500 रुपए ठेकेदार से भुगतान की कार्यवाही करवाई गई। मजदूरों ने कलेक्टर से मिलकर मजदूरी भुगतान और घर वापस लाने के लिए आभार व्यक्त किए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीपी बघेल, संयुक्त कलेक्टर सुनील शर्मा, डिप्टी कलेक्टर हीरा गवर्ना, श्रम विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### दंतेवाड़ा में निकाली गई जागरूकता रैली, बचाव के दिए संदेश

# डेंगू वायरस जनित रोग है जो संक्रमित मच्छर के काटने से होता है : कर्मा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. विजय कर्मा के निर्देश पर जिले के समस्त विकास खंडों में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आज किया गया। जिसके अंतर्गत मितानिन के माध्यम से साफ-सफाई के साथ-साथ वेक्टर जनित रोग के रोकथाम हेतु स्त्रोत नियंत्रण के बारे में भी बताया गया। मलेरिया अधिकारी डॉ. विजय कर्मा ने बताया कि डेंगू वायरस जनित रोग है जो संक्रमित मच्छर के काटने से होता है। जो तेज बुखार, आंखों के ऊपर दर्द, मांसपेशियों जोड़ों में तेज दर्द सहित जी मिचलाना और उल्टी सहित शरीर में लाल चकत्ते यह कुछ लक्षण है, जिससे डेंगू का पता चलता है। गंभीर होने पर मरीज की जान भी जा सकती है। इसके लक्षण का पता चलने पर ही इसका उपचार किया जा सकता है। बीमारी की स्थिति में तरल पदार्थ और आराम करने की सलाह दी जाती है। जिले में डेंगू की जांच हेतु सभी प्रारंभिक स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधा उपलब्ध है। जिले के आम जनों से अपील की जाती है कि इस प्रकार के लक्षण पता चलने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में डेंगू की जांच अवश्य कराएं एवं इसके बचाव हेतु लोगों को जागरूक करें।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में सीटें की गई आवंटित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा



स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल लोहंडीगुड़ा में बुधवार को प्रवेश प्रक्रिया की गई। स्कूल में कक्षा पहली के 50 सीटों के लिए 73 आवेदन आये थे। जिसमें से 23 आवेदनों को विभिन्न कारणों से निरस्त करते हुए ब्लॉक के बच्चों को प्राथमिकता देते हुए सीटे आवंटित की गई है। कक्षा पांचवीं में 1 सीट, सातवीं में 2 सीट, आठवीं में 2 सीट, नवमी में 3, दसवीं में 12, 12वीं में 22 सीट के लिए चयन परीक्षा के माध्यम से सीट की पूर्ति की गई। राज्य शासन के मापदंड के अनुसार चयन प्रक्रिया को पूरा किया गया। जिसमें बीपीएल श्रेणी के 25 फीसदी सीटों पर 6-6 बालक-बालिकाओं के नाम निकाले गये। इसके पश्चात शेष 38 सीट पर आरक्षित 50 फीसदी सीटें बालिकाओं को आवंटित की गई। चयनित छात्रों के अंतिम सूची को स्कूल के सूचना पटल में चस्पा किया गया है। पालक अपने बच्चों का नाम सूचना पटल में देख सकते है।

चयनित छात्रों को आवश्यक दस्तावेज के साथ 16 मई से स्कूल में जमा करवाने कहा गया।

कक्षा 11वीं के लिये विभिन्न संकाय में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया को संपन्न करवाने के लिए सहायक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शालिनी तिवारी, पालकगण, प्राचार्य समेत समस्त स्टाफ मौजूद थे।

# अनुकंपा नियुक्ति, समर कैंप, नियद नेल्लानार सहित विभिन्न विकास कार्यों की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

- कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने बुधवार को आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने सहित अनुकंपा नियुक्ति हेतु शासन के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देते हुए जिला एवं राज्य स्तर पर लंबित प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने आवश्यक मार्गदर्शन दिए। सभी विभागों के जिला अधिकारियों को 31 मई की स्थिति में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों की जानकारी एवं जिला स्तर पर भर्ती की जाने वाली तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों की जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। नक्सल पीड़ित परिवारों को अब तक दी गई अनुकंपा नियुक्ति एवं आवेदनों की समीक्षा करते हुए आयुक्त बस्तर संभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर ने पुलिस एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग को आपसी समन्वय से कार्य योजना बनाने एवं आचार संहिता समाप्ति के पश्चात आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। स्कूली विद्यार्थियों हेतु समर कैंप के आयोजन हेतु कार्ययोजना बनाने एवं शासकीय विद्यालयों के कक्षों का नाम राष्ट्रीय एवं स्थानीय महापुरुषों एवं दार्शनिकों के नाम पर रखने के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार ने बैठक में उपस्थित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नियद नेल्लानार योजना के तहत अंदरुनी एवं संवेदनशील क्षेत्रों मे संचालित विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर कैलाश वर्मा, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारीगण सभी अनुभाग के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत एवं नगरीय-निकाय के सीएमओ उपस्थित थे।

# बच्चे सीख रहें विविध विधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा



विकासखंड लोहंडीगुड़ा के कैंब्रिज केरला मॉडल स्कूल में सभी बच्चों के लिए फ्री समर क्लास आयोजित किया गया है। जो 1 से 30 मई तक चलेगी। कैंब्रिज केरला मॉडल स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक आर्ट एंड क्राफ्ट, इंग्लिश स्पीकिंग और डांस आदि समर क्लास मुफ्त में जारी हैं। जिसमें विभिन्न विधाएं ग्लास पेंटिंग, फैब्रिक पेंटिंग, एंबॉस पेंटिंग, स्केचिंग, वॉल हैंगिंग्स, चाकड़ा मेकिंग, डांस, इंग्लिश स्पीकिंग आदि विधाएं सिखाई जा रही है। इस अवसर पर प्रिंसिपल सुनीता मूर्ति एवं अन्य शिक्षक अनीता बराई, अरुण कुमार सरदार, फूलेश्वरी ठाकुर, ललिता बघेल मौजूद रहे।

Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
हड्डी रोग
मस्तिष्क रोग
कार्डियोलॉजिस्ट
डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
प्लास्टिक सर्जरी
यूरोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

## 12वीं की परीक्षा में जुड़वां भाई-बहनों का कमाल

**भानुप्रतापपुर।** बीते दिनों सीबीएससी कक्षा 12 वी की रिजल्ट जारी हुआ है। क्षेत्र के शासकीय महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के वरिष्ठ प्राध्यापक रमेश कुमार दर्रो के जुड़वां बच्चों ने अच्छे अंको के साथ 12 वी की परीक्षा पास की है। दोनों जुड़वा भाई बहनों ने क्षेत्र का मान बढ़ाया है। दोनों भाई-बहन युगांतर पुब्लिक स्कूल राजनांदगांव में पढ़ाई किया है। छात्र अभिनव दर्रो ने 12वीं में 81 प्रतिशत तो अदिति दर्रो ने 75 प्रतिशत अंकों के साथ पास किया है। दोनों ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां और पिता के साथ अपने विद्यालय के समस्त अध्यापकों को दिया है। अदिति आगे डॉक्टर बनना चाहती है तो वही अभिनव वैज्ञानिक बनना चाहता है। दोनों जुड़वा भाई-बहनों ने 10वी में भी सामान अंको से पास किया था।



## वनवे पर मीडिया के सतत प्रकाशन से जिम्मेदारों तक पहुंची जनसमस्या

**जगदलपुर।** प्रशासन द्वारा लागू वनवे को लगभग दो सप्ताह बाद गुरुवार को कलेक्टर ने रद्द करने का निर्णय लिया। वनवे नियम के लागू होते ही इसका विरोध होना शुरू हो गया था। निर्णय के खिलाफ आम नागरिकों के अलावा प्रभावित व्यापारी भी लामबंध होने लगे थे। वनवे का व्यापक असर न होता देख व जनसमस्या को ध्यान में रखते हुये प्रशासन ने इसे वापस लेने का फैसला लिया। सामाजिक संस्था पब्लिक वॉइस के रोहित सिंह आर्य ने कहा कि मीडिया लगातार इस विषय को लेकर खबरें प्रकाशित करती रही जिस वजह से जिम्मेदारों तक आवाज पहुंची। पब्लिक वाइस ने नागरिकों, व्यापारियों की ओर से प्रशासन, मीडिया, सोशल मीडिया एवं प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सह्योगकर्ताओं का आभार माना है।

**समस्या :** विधायक, एसडीएम, तहसीलदार एवं नगर पंचायत अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

# सप्ताहिक बाजार में भवन निर्माण का विरोध रोजगार चौपट, रोक लगाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

- पसरे में नींव खुदवाकर भवन निर्माण किया जा रहा है

नगर के सप्ताहिक बाजार स्थल पर स्थानीय प्रशासन द्वारा नीव खुदवाकर भवन निर्माण किया जा रहा है। जिस पर रोक लगाने के लिए व्यापारियों ने एसडीएम से मुलाकात कर ज्ञापन सौपा है।

व्यापारी महावीर जैन, दिनेश गुप्ता, कुशल, शाकिर रजा,बसन्त तिवारी,बी एस ठाकुर, आसिफ मेमन,सादिक, यूसुफ, दयाराम , सागर आदि ने बताया कि हम व्यापारी लगभग 25 वर्षो से बाजार हाट करते आ रहे हैं। हमारा पसरा है जिस पर प्रशासन द्वारा नींव खुदवाकर भवन निर्माण किया जा रहा है। जिससे हम सभी व्यापारी को बाजार हाट करने में परेशानी होगी हमारा पूरा परिवार बाजार हाट पर ही निर्भर है। जिससे हमारा व्यापार पूर्ण रूप से प्रभावित हो जायेगा। उन्होंने कहा हम व्यापारीयों की परेशानी को देखते हुए उक्त निर्माण कार्य को रोक लगाने की कृपा करेंगे। जिससे हमारा व्यापार सुचारू रूप से चल सके । एसडीएम के अलावा स्थानीय विधायक, तहसीलदार एवं नगर पंचायत अध्यक्ष से भी रोक लगाने की गुहार लगाई है।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने एसडीएम को लिखा पत्र



नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी ने एसडीएम भानुप्रतापपुर को पत्र लिखकर निवेदन किया है कि क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्र 02 एवं 03 में साप्ताहिक हाट बाजार लगता है। उक्त साप्ताहिक बजार हेतु स्थान काफी कम है व संकरा हो चुका है। ऐसे में आपके विभाग द्वारा आर.आई. ऑफिस निर्माण हेतु गढ्ढा खुदवाया गया है। जिससे साप्ताहिक बाजार में पसरा / दुकान लगाने वाले व्यापारियों हेतु पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं हो पायेगा। जिससे आम नगारिकों तथा व्यापारी बंधुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार परेशानियों को देखते हुए व जनहित में आर आई. ऑफिस का निर्माण पूर्व में संचालित भूमि में करने की कृपा करेंगे। जिससे की आम नागरिकों व व्यापारी बंधुओं को दिक्कतों का सामना न करना पड़ें। मिली जानकारी के अनुसार राजस्व निरीक्षक कार्यालय भानुप्रतापपुर के पीछे साप्ताहिक बाजार लगता है, विभाग द्वारा अहाता निर्माण के लिए नीव खोदाई कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसको लेकर साप्ताहिक बाजार में आने वाले व्यापरियों ने आपत्ति जाहिर करते हुए कहा है कि रविवार को साप्ताहिक बाजार के दिन जहां पर निर्माण के लिए नींव खुदाई किया गया है वहां पर बाहर से स्थानीय व्यापारी पहुँच कर पसरा, दुकान लगाते है और यह सिलसिला 25 साल से चली आ रही है।

### खड़े हो रहे हैं सवाल

राजस्व विभाग के द्वारा जहां घेरा बनाया जा रहा है, पहले जहां तक नींव खोदा गया था, उसे पाटकर छोटा कर दिया ताकि जिसके अंदर अवैध कब्जा करने के नियत से एक पान ठेला रखा गया था। इसे जगह देने नीव का पटाई कर और दुबारा नीव खोदाई किया गया। इसी जगह पर अब पान ठेला रखा गया। यह कई सवाल उठा रहा है।

### अवैध कब्जे का भी खेल जारी

नगर पंचायत क्षेत्र में अवैध कब्जा का खेल भी जारी है। खाली जगह पर नजरें गढ़ाए रखते है, सबके पहले ठेला लगाते है, फिर निर्माण, फिर बिजली लगा कर, टैक्स जमाकर अपना कब्जा होने का दावा करते है यह खेल नगर ने लगातार चल रहा है। फिर इन्हें हटाओ तो व्यवस्थापन करो।

### व्यापारियों का ज्ञापन मिला

तहसीलदार सुरेन्द्र उर्वशा ने कहा राजस्व निरीक्षक कार्यालय निर्माण होगा इसके लिए फिलहाल घेरा बना रहे है, 2002 से यह जगह आरक्षित है, व्यापारियों के द्वारा दिया गया आवेदन की जानकारी नहीं है।

## मिशन लखपति की बीएलसीसी बैठक में विभागीय अफसर हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल

विकासखण्ड दुर्गुकोंदल में मिशन लखपति 2025 के अंतर्गत सभी विभागों के भागीदारी से बीएलसीसी बैठक हुआ। बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी विभागों के माध्यम से चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं से सालाना एक लाख से कम आय वाली समूह की दीदियों को जोड़ा जाए। इसमें शिक्षा, मनरेगा, हॉर्टिकल्चर, कृषि, वेटनेरी, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य इत्यादि विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि शामिल है।

सभी विभागों ने कन्वर्जेंस के माध्यम से ग़रीब महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने पर बल दिया। मनरेगा से 150 दिन का रोजगार, डबरी निर्माण, खेत समतलीकरण एवं आएनआरएम के कार्य की चर्चा हुई। शिक्षा विभाग के माध्यम से संचालित आवासीय विद्यालयों में खाद्य सामग्री जैसे अचार, पापड़, बड़ी इत्यादि की पूर्ति ग्रामीण बहनों के माध्यम से बनने वाले सामग्री से होगी।

महिला बाल विकास विभाग से विधवा महिला के रोजगार एवं वित्त की जुड़ी योजना सक्षम महिला के संबंध में चर्चा हुई। कृषि विभाग से अच्छे दर पर उपज देने वाले एवं लाभ वाली खेती से जुड़ी चर्चा हुई। बैठक के दौरान सीईओ जनपद एसके बंजारे, एनआरएलएम ब्लॉक प्रबंधक नंदिनी दीवान, सुधीर कुमार यादव, प्रीति गंजीर व अन्य लोग उपस्थित रहें।

# तैराकी स्वास्थ्य के लिए लाभदायक : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

- कलेक्टर ने किया 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन तैराकी प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



बांसागार परिसर स्थित स्वीमिंग पुल में कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने बुधवार को ग्रीष्मकालीन तैराकी प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अधिक संख्या में तैराकी सीखने के लिए इच्छुक छात्र-छात्राएं एवं बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने तैराकी सीखने के लिए इच्छुक छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में स्कूलों की छुट्टी है, तो इस अवसर पर समय का सदुपयोग करें। अपनी प्रतिभा को निखारे और नई-नई चीजे सीखे। तैराकी स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, जिसका जिले के सभी आयु वर्ग के लोग लाभ ले सकते है।

जिला खेल अधिकारी दिलीप उईके ने बताया कि बीजापुर स्पोर्टस एकेडमी के तैराकी खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मेडल प्राप्त किया है। जिला प्रशासन की ओर से 21 दिवसीय तैराकी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में एनआईएस कोच दीप्ति वर्मा द्वारा लोगों को तैराकी प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिसमें सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लाईफ गार्ड की व्यवस्था की गई है। समस्त प्रशिक्षणार्थियों को निर्धारित समय पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा। प्रातः 6 से 7 बजे तक बालिकाओं के लिए, प्रातः 7 से 8 बजे तक महिलाओं के लिए, संध्या 4 से 5 बजे तक बालकों के लिए एवं संध्या 5 से 6 बजे तक पुरुष (वयस्क) के लिए समय सारणी निर्धारित किया गया है। इच्छुक प्रशिक्षणार्थी नियमानुसार व शर्तों सहित निर्धारित प्रारूप में पंजीयन कर सकते हैं। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, संयुक्त कलेक्टर कैलाश वर्मा, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर नारायण प्रसाद गवेल, एसडीएम भैरमगढ़ विकास सर्वे, जिला खेल अधिकारी दिलीप उईके, जनपद पंचायत सीईओ गीत सिन्हा एवं विभिन्न खेलों के प्रशिक्षकगण उपस्थित थे।

# भगवान चित्रगुप्त के जयंती समारोह में 10वीं-12वीं के मेधावियों सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

कायस्थ समाज द्वारा भगवान चित्रगुप्त का प्रगटउत्सव जयंती चित्रगुप्त सभा भवन कांकेर में 14 मई को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कांकेर एवं भानुप्रतापपुर के कायस्थजन उपस्थित रहे एंव भगवान चित्रगुप्त की सामूहिक पूजन उपरांत रामायण पाठ का आयोजन किया गया। चित्रगुप्त का प्रगटउत्सव के अवसर पर समाज के वरिष्ट सदस्यों का सम्मान एवं बोर्ड परीक्षा में दसवीं तथा बारहवी में समाज का नाम रोशन करने वाले बच्चों को प्रमाणपत्र दिया गया।

भगवान चित्रगुप्त का प्रगटउत्सव के अवसर पर भवन चित्रगुप्त सभा भवन सामूहिक पूजन उपरांत रामायण पाठ का आयोजन कर समाज के वरिष्ट सदस्य नरेन्द्र श्रीवास्तव, जोखन लाल श्रीवास्तव एवं संध्या श्रीवास्तव का समाज के द्वारा सम्मान किया गया। बोर्ड परीक्षा तथा सीबीएससी में दसवीं तथा बारहवी में 70 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले बच्चों को प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह दिया गया। वर्ष 2023 के लिए हर्ष श्रीवास्तव पिता स्व. मनीष श्रीवास्तव 10वीं, यश श्रीवास्तव पिता पंकज श्रीवास्तव 12वीं तथा वर्ष 2024 में सीबीएससी में उत्तम कुमार श्रीवास्तव पिता नीरज श्रीवास्तव 10वीं, शौर्य श्रीवास्तव पिता शशांक श्रीवास्तव 10वीं, आदित्य श्रीवास्तव पिता निरंकार श्रीवास्तव 10वीं, आदित्य श्रीवास्तव पिता प्रवीण श्रीवास्तव 10वीं, अमित श्रीवास्तव पिता प्रदीप श्रीवास्तव 10वीं एवं भानुप्रातपपुर से अनुज श्रीवास्तव पिता आशीष श्रीवास्तव 10वीं, सूर्यांश श्रीवास्तव पिता प्रकाश श्रीवास्तव पटौद 10वीं को समाज द्वारा प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान शिव श्रीवास्तव, सुरेशचन्द्र श्रीवास्तव, अरूण श्रीवास्तव, निखिल श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, संजीत श्रीवास्तव, वीरेन्द्रराव, राजेन्द्र श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, निरपृथ्वी, पंकज श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, आरबी ब्यौहार, मनोज श्रीवास्तव, अशीष श्रीवास्तव, निलेश श्रीवास्तव, रोहित श्रीवास्तव, प्रकाश श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, शिवाकांत श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, प्रवीण श्रीवास्तव, निरंकार श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव एवं समाज के महिलाएं उपस्थित रहे।

## झूलेलाल सेना व साई साधराम साहेब टीम ने जीता मैच



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

सिंधी प्रीमियर लीग रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतिगोगिता में बुधवार को 9 वां मैच झूलेलाल सेना और लालदास चैलेंजर्स के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लालदास चैलेंजर्स की टीम 10 ओवरों में 68 रन ही बना सकी। अमन मटलानी ने 27 गेंदों पर 29 रनों की पारी खेली, लक्ष्य का पीछा करने उतरी झूलेलाल सेना टीम ने ये लक्ष्य 5 ओवर 5 गेंदों पर हासिल कर लिया। टीम के तरफ से कमल दुल्हानी मैन ऑफ द मैच रहे जिन्होंने 16 गेंदों पर 26 रनों की पारी खेली। दसवां मैच साई साधराम साहेब किंग्स इलेवन एवं साई सेहरा वाले टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी साई सेहरा वाले की शुरुवात अच्छी नहीं रही टीम ने अपने 4 विकेट जल्दी खो दिए। टीम के अंतिम ओवरों पर आदित्य हेमनानी और मदन दुल्हानी की पार्टनरशिप से कुछ रन तेजी से बने जिससे टीम एक सम्मान जनक स्कोर तक पहुंची। टीम ने 77 रन का लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी साधराम साहेब किंग्स इलेवन रोमांचक मैच में अंतिम बाल पर मैच जीत गई। भविष्य दंडवानी ने 23 गेंदों पर 31 रनों की पारी खेली एवं कप्तान हर्ष दंडवानी ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 2 ओवरों पर केवल 4 रन दिए एवं 2 विकेट झटके, हर्ष दंडवानी मैन ऑफ द मैच रहे।

# अवैध रुप से शराब की बिक्री होते पाए जाने पर होगी सख्त कार्रवाई : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

- कलेक्टर ने किया शासकीय मदिरा दुकान का निरीक्षण



कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने आज जेलबाड़ा स्थित शासकीय अंग्रेजी एवं देशी मदिरा दुकान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दो युवकों द्वारा अवैध रुप से परिवहन करते हुए 59 नग अंग्रेजी पौव्वा एवं 12 नग बियर जब्त कर जिला आबकारी अधिकारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं सेल्समेन और मदिरा दुकान कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए अधिक मात्रा में शराब बेचने एवं निर्धारित दर से अधिक कीमत पर शराब बेचते पाए जाने पर नौकरी से निकालने एवं आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश मौके पर उपस्थित जिला आबकारी अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने सीसीटीव्ही फुटेज का भी निरीक्षण किया। दुकान पहुंचे ग्राहकों से अधिक दर पर शराब नही खरीदने यदि दुकानदार निर्धारित कीमत से ज्यादा की मांग करें, तो उनकी शिकायत करें, तत्काल कार्रवाई होगी। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी तरह से अवैध रुप से शराब की बिक्री होते पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी।

## वन विद्यालय में हुआ दीक्षांत समारोह

**जगदलपुर।** शहर के गीदम रोड स्थित वन विद्यालय में 45 दिवसीय वनपाल कौशल उन्नयन प्रशिक्षण सत्र 59 वां 1 अप्रैल से 15 मई तक के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत चार वन वृत्तों (कांकेर, रायपुर, बिलासपुर एवं सरगुजा वृत्त) से 39 वनपाल प्रशिक्षणार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण अन्तर्गत स्मार्ट क्लास रूम एवं क्षेत्रीय शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से विभागीय गतिविधि, वानिकी सम्बंधित विषयों का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही साथ शारीरिक गतिविधि, खेल, पीटी परेड, प्रायोगिक अभ्यास आदि कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वन विद्यालय के संचालक श्रीमती दिव्या गौतम, वन विद्यालय के अनुदेशक आरएन सोरी, सहायक अनुदेशक आरएस कुशवाह, लालसाय मरकाम, रिसोर्स पर्सन एवं वन विद्यालय के कार्यालयीन एवं क्षेत्रीय कर्मचारी शामिल रहे।

# राजस्व प्रशासन के सुदृढ़ीकरण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला 15 जून को

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर संभाग आयुक्त श्याम धावड़े की अध्यक्षता में राजस्व प्रशासन के सुदृढ़ीकरण के लिए बस्तर संभाग के समस्त राजस्व अधिकारियों का एक दिवसीय कार्यशाला 15 जून को बस्तर कलेक्टर कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में प्रातः 9 बजे से आयोजित की जाएगी। उक्त कर्यशाला में संभाग के सभी जिले में पदस्थ समस्त अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, सहायक कलेक्टर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अधीक्षक भू-अभिलेख एवं राजस्व निरीक्षक केवल दो (शहरी एवं ग्रामीण) को भू-राजस्व संहिता 1959 (धारा 109, 110, 178, 248, 250), राजस्व पुस्तक परिपत्र, भू-अभिलेख नियमावली सहित अन्य राजस्व संबंधी अधिनियम के संबंध में जानकारी दी जाएगी। 15 जून को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रथम पाली में सुबह 9 बजे से आयुक्त द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया जाएगा और कार्यशाला के संबंध में उद्बोधन दिया जाएगा।

कार्यशाला में 9.30 से नामांतरण, बटवारा, सीमांकन एवं अतिक्रमण विषय पर बीजापुर के संयुक्त कलेक्टर कैलाश वर्मा द्वारा, मसाहती सर्वे पर डिप्टी कलेक्टर हीरा गवर्ना द्वारा, भू-अर्जन अधिनियम 2013 पर नारायणपुर के अपर कलेक्टर विरेन्द्र कुमार पंचभाई, भू-व्यपर्वतन धारा 172 पर बस्तर के डिप्टी कलेक्टर गगन शर्मा द्वारा, आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र में अपर कलेक्टर विरेन्द्र कुमार पंचभाई और आरबीसी 6-4 एवं भूमि आबंटन के विषय पर बीजापुर डिप्टी कलेक्टर जोगेश्वर कौशल के द्वारा प्रशिक्षण और जानकारी दी जाएगी।

# कमाल फॉर लेडी कार्यक्रम में माताओं को बुनियादी शिक्षा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

चरामा। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित एफ एल पी कार्यक्रम तीन साल से कांकेर जिला में संचालित हो रहा हैं। चारामा ब्लॉक के 20 गांव में इस समय गर्मी के छुट्टीयों में बच्चे अंग्रेजी और माताओं के साथ 97 गांव में कमाल फॉर लेडी की गतिविधि की जा रही है। इसमें बुनियादी शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा हैं। साथ ही रुपए, पैसे, मोल तोल, मोबाइल शिक्षा, परिवार के आर्थिक बजट, खेती संबंधी जानकारी व व्यवस्था के बारे में माताओं को साहित्य वितरण कर पढ़ाई कराई जा रही हैं। यह पढ़ाई का कार्य क्रम माताओं के साथ पांच सप्ताह तक कराया जायेगा।

माताएं अपने बच्चे और परिवार को अच्छे से शिक्षा दे सकें। यह कार्यक्रम की जानकारी हमे जिला कार्य क्रम समन्वयक तीजेश सिन्हा, ब्लॉक टीम लीडर साई नाथ सलाम, लुभावनी कुम्भज, सीआईएम होमेंद्र पम्मार, के द्वारा दिया गया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

